## खबर संक्षेप

### पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघ पी-243 घायल का उपचार बाघ विशेषज्ञों की निगरानी में हो रहा



**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व अंतर्गत परिक्षेत्र हिनौता में बाघ पी-243 विगत कई दिनों से सिर में घाव होने के कारण पार्क प्रबंधन द्वारा बाघ का उपचार बाघ विशेषज्ञो एवं निर्देशक थ्ध जबलपुर के मार्गदर्शन में डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी, पन्ना टाइगर रिजर्व, पन्ना द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में बाघ के घाव में सुधार प्रतीत हो रहा है। पार्क प्रबंधन बाघ पी-243 के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना करता है।

### तेज रफ्तार बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिरा आदिवासी युवक, हालत गंभीर



**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज-छतरपुर सड़क मार्ग के पास सिंगौरा- उडला के बीचो बीच एक आदिवासी युवक जो अमानगंज की ओर आ रहा था अचानक अनियंत्रित होकर जा गिरा और रात भर नशे में उसी स्थान पर पड़ा रहा। सुनवानी पुलिस थाना को जैसे ही घटना की सूचना लगी तो वह तुरंत मौके पर पहुंची और युवक को उठाकर अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाखिल कराया। जहाँ युवक का नाम दिनेश आदिवासी पिता उम्र 28 वर्ष निवासी उदयपुरा थाना किशनगढ़ जिला छतरपुर बताया गया घटना की सूचना मिलते ही उसके परीजन अमानगंज अस्पताल पहुंचे और इलाज हेतु बाहर की ओर ले गए। युवक को शरीर के कई स्थानों पर गंभीर चोटें आई हैं जिसकी हालत अत्यंत गंभीर बताइ गई।

### अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करने पहुंचा आबकारी विभाग



**अमानगंज-पन्ना।** जिले के जसवंतपुरा ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहार के ग्रामीणों ने गुरुवार की दोपहर 3:00 बजे तहसील अमानगंज पहुँचकर आबकारी विभाग की टीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 3 दिसंबर 2025 को आबकारी विभाग के कर्मचारियों ने गांव में दबिश दी, जिसके दौरान उन्होंने कई घरों में बिना किसी महिला अधिकारी की उपस्थिति के तलाशी ली और ग्रामीणों के घरों से सामान उठाकर ले गए।ज्ञापन में बताया गया कि विभाग के अधिकारियों के साथ मौजूद रहे अन्य लोगों ने तलाशी के दौरान महिलाओं के साथ अभद्रता की तथा आवाज उठाने पर डराया-धमकाया भी गया। ग्रामीणों का आरोप है कि टीम ने तलाशी के नाम पर अनुचित दबाव बनाकर सामान भी घर से उठा कर ले गए। ग्रामीणों ने तहसीलदार से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी आबकारी कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम द्वारा उनके घरों से कुल्हाड़ी, सिलेंडर, गैस चूल्हे सहित खाद की बोरियां लेकर गए हैं जो उन्हें वापस दिलाई जाए, वहीं उपस्थित महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उसके साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास भी किया गया है जिसको लेकर सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए ज्ञापन के साथ कई महिलाओं के हस्ताक्षर व अंगूठे के निशान भी संलग्न किए गए।ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है और सुरक्षा का माहौल बिगड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप करें। वहीं मामले में जब आबकारी अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उनका कहना था कि क्योंकि आबकारी विभाग के द्वारा अवैध शराब व्यापार करने वालों पर कार्यवाही की गई है, इसलिए उनके द्वारा मिथ्या आरोप लगाए जा रहे हैं।

### पढ़ाई कर रही नाबालिक दसवीं की छात्रा के साथ सरपंच पुत्र ने की छेड़छाड़

**अमानगंज।** थाना में मामला दर्ज सिरी ग्राम पंचायत का मामलाअमानगंज-पन्ना-जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सिरी ग्राम पंचायत में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां सरपंच पुत्र गोविंद कुशवाहा द्वारा एक दशमी की छात्रा के साथ छेड़छाड़ की है। छात्रा ने बताया कि वह रात्रि के समय 8:00 बजे अपने घर में पढ़ाई कर रही थी इसी दौरान सरपंच पुत्र घर पर आया और पिता को पानी लगाने के लिए पूछने लगा जब मैंने बताया कि पिताजी पानी लगाने गए हैं तभी उसने भाई का नंबर लिया और घर के बाहर चला गया और मैं जैसे ही पढ़ने लगी उसके बाद फिर से आ गया और उसने बुरी नियत के साथ उसे पकड़ लिया तब छात्रा चिल्लाई और परिवार के लोग आ गए। इसके बाद पूरे मामले की सूचना छात्रा ने थाना पुलिस को दी, जिसके बाद अमानगंज पुलिस ने फरियादी की सूचना पर आरोपी हकाई उर्फ गोविंद कुशवाहा निवासी सिरी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी।

## डॉ. बीएन. जायसवाल छत्रसाल महाविद्यालय के नोडल अधिकारी नियुक्त

# कॉलेज चलो अभियान का प्रथम चरण आज से प्रारंभ- प्राचार्य ने दी जानकारी

पन्ना।

**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी ने आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में "कॉलेज चलो अभियान" सत्र 2026-27 के प्रथम चरण की औपचारिक घोषणा की है। यह अभियान 05 दिसम्बर 2025 से 05 जनवरी 2026 तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा। लीड कॉलेज के प्राचार्य के रूप में डॉ. चतुर्वेदी ने पन्ना जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों को निर्देशित किया है कि वे अभियान की सभी गतिविधियों को गंभीरता एवं सक्रियता के साथ क्रियान्वित करें।**



प्राचार्य डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की ओर प्रेरित करना, उपलब्ध पाठ्यक्रमों, कैरियर अवसरों तथा ई-प्रवेश प्रक्रिया के बारे में व्यापक जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर उन्होंने यह भी अवगत कराया कि छत्रसाल महाविद्यालय में अभियान के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु सहायक प्राध्यापक डॉ. बी. एन. जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो समस्त गतिविधियों का समन्वय, पर्यवेक्षण एवं रिपोर्टिंग सुनिश्चित करेंगे। अभियान के प्रथम चरण में स्कूलदृकॉलेज संपर्क कार्यक्रम, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए महाविद्यालय भ्रमण, सोशल मीडिया आधारित प्रचार अभियान, कैरियर काउंसलिंग सत्र, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों का प्रसार तथा शैक्षणिक एवं आर्थिक सहायता योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों तक पहुँचाई जाएगी। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की संभावनाओं, विषय चयन एवं कौशल आधारित शिक्षा की उपयोगिता से परिचित कराना है। प्राचार्य ने कहा कि जिले के सभी महाविद्यालय विद्यालयों का नियमित भ्रमण कर विद्यार्थियों को ई-प्रवेश प्रणाली, उपलब्ध कोर्स, कैरियर अवसरों तथा महाविद्यालय की सुविधाओं के बारे में अवगत कराएँ। साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्मकृफेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और व्हाट्सएपकृका उपयोग कर आकर्षक वीडियो, पोस्ट और वर्चुअल टूर के माध्यम से अभियान को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। डॉ. चतुर्वेदी ने यह भी बताया कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित छात्रवृत्ति, शुल्क सहायता योजनाएँ और प्रोत्साहन कार्यक्रम अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे, जिससे अधिकतम विद्यार्थी शैक्षणिक सहायता का लाभ ले सकें। इसके साथ ही सामाजिक संगठनों, ग्राम पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों, युवा समूहों एवं पूर्व छात्रों को अभियान में सहभागी बनाकर सामुदायिक स्तर पर भी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित किया जाएगा। सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि अभियान के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों का प्रतिवेदन, समाचार पत्रों की कटिंग, जियो-टैग्ड फोटो एवं वीडियो क्लिप सहित संबंधित कार्यालय को साप्ताहिक रूप से प्रेषित करना अनिवार्य होगा। प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी ने भरोसा व्यक्त किया कि "कॉलेज चलो अभियान" पन्ना जिले के विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उनके भविष्य को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।




# राजस्व एवं रेलवे के अधिकारी समन्वय से कार्य कर प्रगति लाएं- संभागायुक्त

**पन्ना।** कमिश्नर अनिल सुचारी ने बुधवार को सागर संभाग अंतर्गत निर्माणाधीन रेल परियोजना के विभिन्न कार्यों सहित खजुराहो-पन्ना खंड में निर्माणाधीन नई ब्रॉड गेज रेल लाइन के प्रगति की ऑनलाइन मासिक समन्वय बैठक में समीक्षा की। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर ऊषा परमार, अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे एवं एसडीएम संजय कुमार नागवंशी भी उपस्थित थे। संभाग आयुक्त श्री सुचारी ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समय सीमा में पूर्ण करें। जहां भी पुलिस की आवश्यकता हो, पुलिस को पहले से सूचना दें एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस दौरान पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील के विभिन्न ग्राम, जो परियोजना के अंतर्गत आ रहे हैं, उनकी भू-अर्जन के कार्यों में धारा 11, धारा 19, धारा 21 की कार्रवाई शीघ्रता से करने एवं अवॉर्ड पारित कराकर रेलवे को कब्ज़ा प्रदान करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी भू-अर्जन होने के बाद नामांतरण, बंटवारा का कार्य समय-सीमा में करें एवं संबंधित भूमि के नक्शे में रेलवे के पक्ष में चिन्हांकित करें। रेलवे अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा जो जमीन खाली कराई जा रही है, उस पर तत्काल कार्य शुरू करें। साथ ही राजस्व एवं रेलवे अधिकारी समन्वय से कार्य कर प्रगति लाएं। वर्चुअल बैठक में सतना-पन्ना रेल खण्ड के पूर्ण कार्यों की जानकारी भी ली गई।

# श्री राम मंदिर देवेंद्र नगर में संगीतमय रामायण पाठ पावन परंपरा में उमड़ा भक्ति का सागर

पूज्य डॉ. सुरेन्द्र विष्णुशंकर पिंपले को श्रद्धांजलि रू निःस्वार्थ सेवा, सरलता और करुणा की मधुर स्मृतियों से पुलकित हुआ नगर

पन्ना





हर गुरुवार की भांति इस सप्ताह भी श्री राम मंदिर देवेंद्रनगर में सायं 8 बजे से भक्ति, संगीत और श्रद्धा से परिपूर्ण 'साप्ताहिक संगीत मय रामायण पाठ' का आयोजन भजन मंडली व सभी मानस प्रेमियों द्वारा अत्यंत उत्साह और भक्ति-भाव के साथ संपन्न हुआ। वर्षों से अखंड रूप से चल रही इस पावन परंपरा में प्रत्येक गुरुवार किसी न किसी श्रद्धालु द्वारा प्रसाद व रामायण पाठ की संपूर्ण व्यवस्था की जाती है, जो देवेंद्रनगर की आध्यात्मिक एकता एवं सांस्कृतिक गरिमा का पावन प्रतीक है। आज का आयोजन विशेष रूप से दिव्य और भावपूर्ण रहा। भगवान श्री दत्तात्रेय महाराज जी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में यह सत्संग स्वर्गीय डॉ. सुरेन्द्र विष्णुशंकर पिंपले जी की पुण्य स्मृति को समर्पित किया गया। आज की मानस का प्रसाद हर्षा सुरेन्द्र पिंपले द्वारा अत्यंत श्रद्धाभाव एवं कृतज्ञता के साथ वितरित किया गया, जिससे वातावरण में भक्ति का उल्लास और भी गहरा हो उठा। देवेंद्रनगर में स्व. डॉ. सुरेन्द्र विष्णुशंकर पिंपले का नाम अपार सम्मान और हृदयगत श्रद्धा के साथ लिया जाता है। उन्होंने अपने जीवनकाल में निःस्वार्थ भाव से अनगिनत मरीजों का उपचार किया और सेवा को ही अपना धर्म माना। उनकी सरलता, करुणा, सौम्यता और समाजहित की अद्वितीय भावना आज भी जनमानस में वैसी ही जीवित है, जैसी उनके जीवनकाल में थी। सत्संग में जब उनका स्मरण किया गया तो उपस्थित श्रद्धालु भाव-विह्वल होकर उन्हें नमन करते रहे। राम मंदिर की यह गुरुवार वाली सतत परंपरा न केवल धार्मिक चेतना को प्रगाढ़ बनाती है, बल्कि समाज में सद्भाव, एकता और सेवा की भावना को भी निरंतर सुदृढ़ करती है। डॉ. पिंपले की स्मृतियों को समर्पित यह संगीतमय रामायण पाठ भक्ति और भाव की दिव्यता से ओतप्रोत रहा। उक्त जानकारी सत्संग के संयोजक विजय व्यास जी तथा श्री राम मंदिर के पुजारी महाराज इंद्रमणि जी द्वारा उपलब्ध कराई गई।

# टेलीग्राम आधारित ऑनलाइन ठगी का खुलासा एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**आरोपी से 40,000 रुपये नगद बरामद, कम निवेश में अधिक लाभ का लालच देकर की गई थी ठगी**

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस ने टेलीग्राम के माध्यम से की जा रही ऑनलाइन ठगी का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40,000 रुपये की धोखाधड़ी की राशि जप्त की है। दिनांक 08.09.25 को फरियादी आफताब अंसारी, निवासी जिला सिवनी (म.प्र.), हाल निवासी पवई, ने थाना पवई में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात टेलीग्राम यूजर्स ने "कम इनवेस्टमेंट में अधिक लाभ" तथा "टास्क एवं क्रिप्टो ट्रेडिंग" का प्रलोभन देकर विभिन्न न्च्प् प्ले एवं लिंक के माध्यम से उससे कुल 4,98,480 रूपये की ठगी की है। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध क्रमांक 494/25, धारा 318(4) ठछै का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम में पन्ना साइबर सेल टीम को भी शामिल कर तकनीकी विश्लेषण किया गया। तकनीकी जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा एक संदेही को लखनऊ (उ.प्र.) से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई जिसके द्वारा बताया गया कि मैं टेलीग्राम के फर्जी ग्रुपों से जुड़कर न्ैक्ज (क्रिप्टो करेंसी) की खरीद-बिक्री के माध्यम से अवैध रूप से धन अर्जित करता था, तथा इस प्रक्रिया में फर्जी कंपनियों से प्राप्त धोखाधड़ी की



राशि उपयोग करता था। धोखाधड़ी से बैंक खातो में जमा होने वाली राशि के कारण मेरे बैंक खाते बार-बार फ्रीज हो जाते थे इसलिये मुझे नए-नए बैंक खातों का उपयोग करता था। आरोपी द्वारा स्वीकार किया गया कि प्रयागराज में मैनें अपने परिचित व्यक्ति का मोबाइल ले करॅ सपबम ।चच पर उसके नाम से फर्जी खाता बनाया, जिसमें फर्जी क्रिप्टो कंपनी से प्राप्त 50,000 डलवाए तथा तुरंत अपने चैवदमच्म वॉलेट में स्थानांतरित कर लिए। इसके बाद मैने परिचित व्यक्ति के मोबाइल सॅ सपबम ।चच डिलीट करके मोबाइल वापस कर दिया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार आरोपी के कब्जे से फरियादी से की गई 50,000 रुपये की धोखाधड़ी में से 40,000 रुपये नगद जप्त किये गये हैं। मामले में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया है । फरियादी के साथ हुई धोखाधड़ी में शेष राशि अन्य आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी पूर्वक आहरित की गई है, जिनकी पहचान सुनिश्चित कर शीघ्र विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**जप्त सामग्री** - पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार आरोपी के कब्जे से फरियादी से की गई 50,000 रुपये की धोखाधड़ी में से 40,000 रुपये नगद जप्त किये गये हैं।

**गिरफ्तार आरोपी** - रितिक साहनी पिता गनेश साहनी उम्र 25 वर्ष निवासी सिसहनिया थाना सिद्धार्थनगर जिला सिद्धार्थनगर उ.प्र. को विधिवत गिरफ्तार किया गया है मामले में शेष राशि अन्य आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी पूर्वक आहरित की गई है, जिनकी पहचान सुनिश्चित कर शीघ्र विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**सराहनीय योगदान** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक त्रिवेन्द्र त्रिवेदी, सउनि आनंद मोहन मिश्रा, प्र.आर. रामलखन सिंह, गणेश सिंह, अनिल गर्ग, आर. राकेश एवं पुलिस सायबर सेल शाखा पन्ना का सराहनीय योगदान रहा पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम के कार्य की सराहना की गई है।

लगातार बदलते शिक्षा नियमों से अराजकता, अनुशासनहीनता और अविश्वास; शिक्षा प्रबंधक बोले ऐसे आदेश व्यवस्था तोड़ेंगे, सुधार नहीं करेंगे

# गर्म कपड़ों के रंग पर सरकारी नरमी, विद्यालय किसी विद्यार्थी को रोक या टोक नहीं सकते

पन्ना।

**सरकार द्वारा यह ताजा निर्देश जारी किया गया है कि विद्यार्थी सर्दियों में किसी भी रंग का गर्म कपड़ा पहनकर विद्यालय आ सकते हैं और किसी भी विद्यालय को उन्हें रोकने, टोकने या कक्षा में प्रवेश से वंचित करने का अधिकार नहीं होगा। यह आदेश देखने में सहानुभूतिपूर्ण और मानवीय प्रतीत होता है, परंतु शिक्षा-जगत इससे गहरी असहजता और गंभीर चिंता व्यक्त कर रहा है। विद्यालयों, अभिभावकों और शिक्षकों के अनुसार यह फैसला मानवीयता से अधिक व्यवस्था में हस्तक्षेप और अनुशासन पर प्रहार जैसा है। शिक्षा प्रबंधकों का कहना है कि प्रत्येक अभिभावक अपनी क्षमता, विवेक, परिस्थिति और पसंद के आधार पर विद्यालय चुनता है। वह यूनिफॉर्म सहित सभी नियमों को समझकर अपने बच्चे को विद्यालय में भेजता है। इस प्रकार की सरकारी छूटें अभिभावकदृविद्यालयकृदोनों के विश्वास को कमजोर करती हैं और छात्र के मस्तिष्क में 'नियमों की कोई अनिवार्यता नहीं' की भावना पैदा करती हैं। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह संस्कृति आने वाले वर्षों में अत्यंत खतरनाक साबित हो सकती है।**

### शिक्षकों के अनुसार-अधिकार आयोगों व सरकारी दबाव ने छात्रों को स्वच्छंद, और शिक्षकों को असहाय बना दिया-

गत वर्षों में शिक्षा क्षेत्र पर इतने आदेश, निर्देश, परिपत्र और दंडात्मक विनियम थोपे गए हैं कि शिक्षक अब 'गुरु' नहीं रह गया, बल्कि एक डरा-सहमा, विवश, सरकारी दंड-तंत्र से घिरा हुआ कर्मचारी बनकर रह गया है। वह न तो ऊँची आवाज़ में टोक सकता, न कठोरता दिखा सकता और न अनुशासन लागू कर सकता है। शिक्षक समुदाय कहता है कि छात्र को डांटने, रोकने या सुधारने पर भी यह भय बना रहता है कि कहीं किसी आयोग या किसी नियम के तहत उस शिक्षक को दोषी न ठहरा दिया जाए या निलंबित न कर दिया जाए। भारत में जहाँ शिक्षक को देवतुल्य स्थान प्राप्त था, वहीं आज शिक्षक अपने ही कर्तव्य पालन में "जेल जाने का डर" महसूस कर रहा है। यह विडंबना केवल शिक्षादृव्यवस्था का पतन नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन के लिए भी घातक संकेत है।

### गुरुकुल से आधुनिक शिक्षा तक-अनुशासन का क्षरण और उसका परिणाम-

भारतीय गुरुकुलों में शिक्षा केवल विषयज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र, संयम, अनुशासन और जीवन-मूल्यों का विकास भी था। वेश-भूषा सहित संपूर्ण जीवन-शैली में अनुशासन ही आधार था। आज वही शिक्षा-व्यवस्था अधिकारों और नियामक हस्तक्षेपों के बोझ तले चरमरा रही है। छात्र अधिकारों से सम्पन्न, शिक्षक अधिकारहीन। छात्र स्वच्छंद, शिक्षक दंड के भय से ग्रस्त। छात्र सुरक्षित, शिक्षक असुरक्षित। यह असंतुलन भविष्य की पीढ़ी के चरित्र को कमजोर बना रहा है।

### सरकार के बार-बार बदलते नियम शिक्षा को प्रयोगशाला बना रहे हैं-

विद्यालयों का कहना है कि शिक्षा एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है, जिसे स्थिर नियम और स्पष्ट दिशा चाहिए। लेकिन हर वर्ष नए आदेशकृकभी पाठ्यक्रम पर, कभी फीस पर, कभी सुरक्षा पर, कभी वेश-भूषा परकृऐसा प्रतीत कराते हैं मानो शिक्षा सरकार के लिए एक प्रयोगशाला है। चुनावी वर्षों में तो यह बदलाव और भी अधिक दिखते हैंकृअक्सर सहानुभूति और लोकप्रियता के दबाव में लिए गए निर्णय, जिनका दीर्घकालिक असर उलटा पड़ जाता है।

### विद्यालय संचालकों व प्राचार्यों की आधिकारिक विज्ञप्तियाँ-

**रामलखन शुक्ल,व्यवस्थापक सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय**

"हम गरीब छात्रों की परिस्थिति समझते हैं, परंतु अनुशासन और पहचान किसी भी विद्यालय की रीढ़ होती है। यदि विद्यालय रोक-टोक ही नहीं कर सकता, तो अनुशासन का पूरा ढाँचा ढह जाएगा। सरकार को व्यवहारिक अध्ययन कर विशेषज्ञों से विचार-विमर्श के बाद ही ऐसे आदेश जारी करना चाहिए।"

**पूरन सिंह राजपूत, प्राचार्य, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय**

"सरकारी निर्देश छात्रों के हित में दिखाई देते हैं, किन्तु विद्यालयों की अनुशासन-व्यवस्था को अप्राकृतिक ढंग से बाधित करते हैं। यूनिफॉर्म समानता और एकरूपता का प्रतीक है, जबकि रंगों की स्वतंत्रता आने वाले समय में असमंजस, विवाद और अव्यवस्था उत्पन्न करेगी।"

**नीलवर्ण सिंह, संचालक, भारतीयंम विद्या पीठ**

"हमारे विद्यालय की पहचान उसकी वेश-भूषा और अनुशासन से निर्मित होती है। अभिभावक इसी अनुशासन को ध्यान में रखकर विद्यालय का चयन करते हैं। सरकारी हस्तक्षेप इस संबंध को कमजोर करता है और छात्रों में नियम-विहीनता को बढ़ावा देता है।"

**प्रमित अग्रवाल, संचालक - रेनबो पब्लिक स्कूल**

"सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय वास्तव में सराहनीय है। प्रायः मौसम परिवर्तन के दौरान बाज़ार में स्कूल यूनिफ़ॉर्म तथा स्वेटर समय पर उपलब्ध नहीं हो पाते, जिसके परिणामस्वरूप छात्र एवं अभिभावक अनावश्यक दबाव का सामना करते हैं। ऐसे में यदि इस संक्रमण काल में विद्यालयों को कुछ समय तक अपनी परिस्थितियों के अनुरूप लचीलापन प्रदान किया जाए, तो यह सभी के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। साथ ही, यदि पूरे राज्य में स्कूल यूनिफ़ॉर्म की एकरूपता सुनिश्चित कर दी जाए, तो भविष्य में इस प्रकार की समस्याएँ स्वतः समाप्त हो जाएँगी।"

**कमलेश जैन, संचालक, जीरो मॉडल स्कूल**

"यूनिफॉर्म का उद्देश्य भेद मिटाना और एकता स्थापित करना है। जब रंगों पर रोक हट जाएगी तो छात्र समूहों में विभाजित होंगे, प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और शिक्षक पर नियंत्रण नहीं करने का दबाव बढ़ेगा। यह आदेश छात्रों में स्वच्छंदता का भाव मजबूत करेगा।"

**अलक्षेन्द्र पटेल, संचालक, स्वामी विवेकानंद स्कूल**

"हम अभिभावकों, शिक्षकों और समाज के प्रति उत्तरदायी हैं। जब तक अनुशासन नहीं होगाकृदिशा नहीं होगी। सरकार को शिक्षा को चुनावी या भावनात्मक निर्णयों का विषय नहीं बनाना चाहिए। नियम स्थिर और स्पष्ट होने चाहिए, तभी शिक्षा का उद्देश्य पूरा होगा।"

# सेवानिवृत शिक्षक राम मिलन द्वारा मरीजों के हित में 20 कंबलों का दान मानवता की मिसाल



**पन्ना।** मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अभिषेक जैन द्वारा बताया गया कि आज सीएचसी देवेंद्र नगर में एक सराहनीय पहल के तहत रिटायर्ड शिक्षक राम मिलन खरे सर और पत्रकार विवेक खरे द्वारा ने ठंड के मौसम में मरीजों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से 20 गर्म कंबलों का दान किया यह योगदान न केवल मरीजों की भलाई के लिए एक संवेदनशील कदम है बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। सीएचसी प्रभारी एवं स्टाफ ने खरे सर के इस मानवीय कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि ऐसे प्रयासों से अस्पताल में भर्ती मरीजों को ठंड से बचाव मिलेगा और उनका उपचार भी अधिक सहजता से हो सकेगा। खरे सर ने इस अवसर पर कहासेवा ही सच्चा धर्म है यदि हम अपने आसपास के जरूरतमंदों की मदद कर सकें तो यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह पहल समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उम्मीद है कि आगे भी ऐसे सहयोगात्मक प्रयास होते रहेंगे दान देते समस्त स्टाफ कार्यकर्ता रिटायर्ड ट्रेसर श्री देशराज शर्मा जी उपस्थित रहे। सीएचसी देवेंद्र नगर परिवार की ओर से आदरणीय राम मिलन खरे सर को हार्दिक धन्यवाद एवं शुभकामनाएं।

# बेसहारा, बूढ़े और विकलांग लोगों को हेमलता और विजय चांसोरिया ने बांटे कंबल, ठंड से ठिठुरते गरीबों को मिली राहत

पन्ना।

शहर के बड़ा बाजार चौराहा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक विजय चांसोरिया एवं धर्म पत्नी हेमलता ने आज मानवता की मिसाल पेश करते हुए एक सराहनीय पहल की। भीषण सर्दी को देखते हुए, उन्होंने पन्ना शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे गरीब, बेसहारा, बूढ़े और विकलांग लोगों को गर्म रजाईयां वितरित कीं, जो ठंड से ठिठुरते हुए आग के सहारे रात गुजारने पर मजबूर थे। कंबल वितरण का यह कार्यक्रम पन्ना के ऐतिहासिक शारदा देवी मंदिर प्रांगण में विधिवत आयोजित किया गया।



### सेवा निवृत्त जीवन का सार्थक उपयोग-

सेवानिवृत्त शिक्षक विजय चांसोरिया और उनकी धर्मपत्नी हेमलता चांसोरिया लंबे समय से समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रहे हैं। उनका मानना है कि सेवानिवृत्ति का अर्थ सामाजिक जिम्मेदारियों से मुक्त होना नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों की सेवा के लिए समय निकालना है। इसी भावना के तहत, उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर यह बीड़ा उठाया कि इस कड़ाके की ठंड में कोई भी असहाय व्यक्ति बिना गर्म कपड़ों के न रहे।

### शारदा मंदिर प्रांगण में जुटे जरूरतमंद-

आज दोपहर, मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में ऐसे जरूरतमंद लोग इकट्ठा हुए, जिन्हें वास्तव में मदद की दरकार थी। बुजुर्गों, दिव्यांगों और महिलाओं ने कतारबद्ध होकर इन गर्म रजाइयों को सहर्ष स्वीकार किया। दानदाताओं द्वारा प्रदान की गई यह गर्माहट उनके चेहरों पर संतोष और खुशी लेकर आई। इस अवसर पर स्थानीय नागरिक और गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे, जिन्होंने चांसोरिया दंपति के इस निस्वार्थ सेवा भाव की जमकर सराहना की।

### समाज को संदेश-

चांसोरिया दंपति के इस कार्य ने समाज के अन्य वर्गों को भी प्रेरित किया है। उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे समय में जब व्यक्तिगत लाभ को प्राथमिकता दी जाती है, चांसोरिया जैसे लोग समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। उन्होंने अन्य सक्षम लोगों से भी अपील की कि वे अपने आस-पास के जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं।

**खबर संक्षेप**

## गढ़ी हनुमान मंदिर में आध्यात्मिक अनुष्ठान पूर्ण



**ईशानगर।** कस्बे के प्राचीन गढ़ी हनुमान मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन आज सुदामा चरित्र के भावपूर्ण वर्णन के साथ हुआ। कथा व्यास आचार्य ने इस अवसर पर भक्तों को भगवान के नाम की अपार महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि सच्चे मन से प्रभु नाम का श्रवण करने से ही जीवन का कल्याण और सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने सुदामा के उदाहरण का उल्लेख करते हुए भक्ति, धर्म और मित्रता के मार्ग पर चलने की आवश्यकता पर जोर दिया। समापन पर कन्याभोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथा के अंतिम दिन कथव्यास मुन्ना महाराज पहाडगांव ने भक्तों पर भगवान की कृपा, परोपकार व धर्म के मार्ग पर चलने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कठिनाइयों के बावजूद सुदामा ने भक्ति और धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा, और भगवान कृष्ण ने मित्रता का धर्म निभाते हुए उनका साथ दिया। इस अवसर पर मंदिर पुजारी बृजेंद्र चौबे ने भी उपदेश देते हुए भगवान नाम की महिमा को अपार बताया और सभी को सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने की सलाह दी। कथा के अंतिम दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जो कथा व्यास के सुंदर संगीत में भजनों पर झूमते नजर आए। कथा समापन पर कन्याभोज व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कथा के समापन पर कथा व्यास श्री मुन्ना महाराज पहाडगांव को पत्रकार अरविंद असाटी और छोटू तोमर ने शाल-श्रीफल से सम्मानित किया। कथा में उपस्थित लोगों में मंदिर पुजारी बृजेंद्र चौबे, संगीतकार फूल सिंह राजा, सचिन तबला, सरपंच निधि मिश्रा, शिवा महाराज, सुरेंद्र सिंह, मुन्ना गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष भरत गुप्ता, बड़े राजा, संतोष सेन, आकाश अनुरागी, विशाल कोरी सहित सभी भक्तगण शामिल रहे।

## दुष्कर्म के फरार इनामी आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**छतरपुर।** न्याय पथ अभियान के तहत थाना सरवई के 4 वर्ष पुराने वर्ष 2021 के दुष्कर्म एवं पोक्सो एक्ट प्रकरण में फरार 10000 के इनामी आरोपी रवि भुर्जी पिता मंगी प्रसाद भुर्जी निवासी ग्राम नांद को गिरफ्तार किया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सरवई उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह यादव, आरक्षक पवन, प्रवीण की भूमिका रही।

## नेशनल टैलेंट हंट 2025-26 परीक्षा का प्रथम चरण 5 एवं दूसरा 6 दिसम्बर को आयोजित होगा

**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर में नेशनल टैलेंट हंट परीक्षा 2025-26 को सुचारु रूप से संचालित कराए जाने हेतु कुलगुरु डॉ. अमित कुमार जैन की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. दिगन्त द्विवेदी के निर्देशन में एक बैठक आहूत हुई जिसमें अनुशासन, परीक्षा संचालन, विद्यार्थियों के आगमन हेतु बस व्यवस्था, सभी विद्यार्थियों एवं उनके साथ आने वाले अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए भोजन व्यवस्था पर चर्चा करते हुए समिति के सभी सदस्यों को उनकी जिम्मेदारी सौपी गई। कुलगुरु डॉ. अमित कुमार जैन ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य उच्च शैक्षणिक क्षमता वाले छात्रों की पहचान कर उन्हें छात्रवृत्ति के माध्यम से प्रोत्साहित करना है। इसमे सम्मिलित सभी ब्लॉक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को क्रमशः 5100, 2100, 1100 रुपये के साथ शील्ड व प्रणाम पत्र से सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जायँगे।

# अनियंत्रित होकर पलटी यात्री बस, आधा दर्जन से ज्यादा यात्री घायल

**छतरपुर। गुरुवार की सुबह एक यात्री बस के अनियंत्रित होकर पलटने से बड़ा हादसा हो गया। दुर्घटना गौरिहार थाना क्षेत्र के खड्डी पहरा रोड पर हुई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने मौके पर पहुँचकर घायलों को बस से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा। एक वृद्ध महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।**



प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुरुवार की सुबह गौरिहार थाना क्षेत्र के खड्डी पहरा के पास यात्री बस क्रमांक एमपी 16 पी 0276 अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कुल 10 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें एक वृद्ध महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जबकि अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं। बताया गया है कि बस चंदला से छतरपुर की ओर जा रही थी और खड्डी पहरा के पास क्रॉसिंग के दौरान अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा गिरी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुँची। सभी घायलों को इलाज के लिए तुरंत गौरिहार अस्पताल भेजा गया, जहाँ उनका उपचार जारी है। गौरिहार थाना प्रभारी संदीप दीक्षित ने बताया कि बस हादसे में 8-10 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें गौरिहार अस्पताल भेजा गया है।

## पुलिस अधीक्षक से महिला ने तीन लोगों पर लगाए जादू टोना करने के आरोप



**छतरपुर।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अंधविश्वास से जुड़ा एक मामला आया, जिसमें एक महिला ने अपनी बहू पर जादू टोना करने और कुछ व्यक्तियों के खिलाफ भूत-प्रेत एवं जादूटोना करने की बात कही। महिला का दावा है कि इस जादूटोना के कारण उसकी बहू बीमार है और उसके इलाज में लगभग दो लाख रुपए खर्च हो चुके हैं।सिविल लाइन थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा निवासी राजवती आदिवासी ने आरोप लगाया कि सटई थाना क्षेत्र के अमरपुरा गाँव के विहारी, जमना और बसोर नामक तीन लोग रात के अंधेरे में जंगल में देवी-देवताओं की पूजा और झाड़-फूँक करते हैं। राजवती के अनुसार, ये लोग देवी आने का बहाना बनाकर उसकी बहू पर जादूटोना कर रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि कुछ समय पहले जब उसकी बहू को सिर दर्द की शिकायत हुई और इलाज के लिए ले जाया गया, तभी कथित तौर पर इन व्यक्तियों ने उस पर जादूटोना कर दिया। इसके बाद से बहू लगातार बीमार रहने लगी है। इस जादूटोना के कारण बहू के इलाज में अब तक लगभग 2 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं। राजवती आदिवासी ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थानीय पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की, जिसके कारण उन्हें न्याय की गुहार लगाने के लिए एस.पी. कार्यालय आना पड़ा। इस संबंध में सिविल लाइन थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि शिकायत की जाँच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## खाद संकट जूझ रहे किसानों का फूटा गुस्सा

### चौराहे पर जाम लगाकर किया प्रदर्शन, लगाए आरोप

**छतरपुर। जिले के बिजावर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे खाद संकट की समस्या को लेकर गुरुवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज किसानों ने बिजावर के डाकखाना चौराहे पर जाम लगाकर प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।**



किसानों ने आरोप लगाया कि उन्हें समय पर खाद नहीं मिल रही है, जबकि खाद व्यापारियों के पास पड़ी हुई है और खुलेआम महंगे दामों पर बेची जा रही है। किसानों ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें समय पर खाद नहीं मिल रही है। इस प्रदर्शन के कारण क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया। किसानों ने आरोप लगाया कि यूरिया की सरकारी कीमत 267 रुपए प्रति बोरी है, लेकिन बाजार में यह 500 से 600 रुपए प्रति बोरी में खुलेआम बेची जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की मिलीभगत से किसानों को महंगे दामों पर खाद बेची जा रही है, जबकि सरकारी केंद्रों पर खाद खत्म होने की बात कही जा रही है। बिजावर एसडीएम विजय द्विवेदी ने बताया कि खाद खत्म होने के कारण लोगों ने जाम लगाया था। उन्होंने किसानों को समझाया और आश्वासन दिया कि खाद की गाड़ी आने पर उन्हें खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

## पदयात्रा की सफलता पर बागेश्वर महाराज ने किया यात्रा प्रभारियों का सम्मान



**छतरपुर।** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सभी सनातनियों को एक करने के लिए दूसरी पदयात्रा दिल्ली से वृंदावन तक निकाली। लाखों लोग इस पदयात्रा के साक्षी बने। पदयात्रा से एकता का संदेश पूरे देश में फैला है। पदयात्रा की अपार सफलता पर तन मन धन से सेवा कार्य में लगे लोगों को बागेश्वर महाराज सम्मानित करते हुए आशीर्वाद दे रहे हैं। इसी क्रम में विगत रोज संपूर्ण पदयात्रा प्रभारी, भोजन व्यवस्था प्रभारी, संत व्यवस्था प्रभारी तथा एक-एक दिवस की यात्रा के प्रभारियों को बागेश्वर धाम में सम्मान पत्र देते हुए सम्मानित किया गया।

बागेश्वर महाराज ने सनातन एकता पदयात्रा के प्रभारियों को सम्मान पत्र देते हुए कहा कि सबकी लगन,कर्मठता,अथक परिश्रम और समर्पण की वजह से यात्रा निर्विघ्न संपन्न हुई है। उन्होंने 10 दिवसीय पदयात्रा के एक-एक दिन के प्रभारी, स्थानीय प्रभारी, संपूर्ण पदयात्रा प्रभारी, भोजन व्यवस्था प्रभारी, जल व्यवस्था प्रभारियों को बारी-बारी से सम्मानित कर रहे हैं। विगत रोज संपूर्ण यात्रा प्रभारी धीरेंद्र गौर, संपूर्ण भोजन व्यवस्था प्रभारी कपिल साहू, राजेंद्र तिवारी, बॉबी राजा गठेवरा, लव सुल्लेरे, रविशंकर तिवारी, अंकित मिश्रा, पवन मिश्रा, रोमी सिंह, विवेक मिश्रा सहित अन्य सभी प्रभारियों को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि 7 नवंबर से 16 नवंबर तक दिल्ली से वृंदावन सनातन हिंदू एकता पदयात्रा निकाली गई जिसमें लाखों लोग शामिल हुए।

## बच्चों को नहीं मिल रहा गुणवत्तापूर्ण पर्याप्त भोजन

### मिड डे मील को बनाने में इस्तेमाल हो रही घटिया सामग्री

**ईशानगर।** छतरपुर जनपद अंतर्गत आने वाले कई स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना में गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। शासन द्वारा भोजन के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जाने के बावजूद, विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, पर्याप्त एवं तय मेन्यू अनुसार भोजन नहीं मिल पा रहा है। ताजा मामला ईशानगर संकुल की शासकीय प्राथमिक शालाओं से सामने आया है, जहाँ बच्चों को परोसा जा रहा खाना इतना घटिया है कि वे उसे खाने के बजाय कुत्तों को डाल रहे हैं। यह स्थिति एक-दो दिन की नहीं, बल्कि कई महीनों से बनी हुई है, लेकिन जांच न होने के कारण सुधार नहीं हो पा रहा है। बताया गया है कि शारदा तेजस्विनी स्व सहायता



समूह को पठादा ग्राम पंचायत के 4 स्कूलों और दो आंगनबाड़ी केंद्रों में मध्यान्ह भोजन पहुंचाने का जिम्मा दिया गया है, लेकिन समूह द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं तय मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा है। समूह की लापरवाही से करीब 250 से अधिक बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। प्रभावित स्कूलों में शा. प्रा. शाला पठादा, शा. प्रा. शाला नाथनपुरवा, शा. प्रा. शाला टिकरापुरवा, शा. प्रा. शाला पाथरपठा एवं आंगनवाड़ी केंद्र मजरापठा और पठादा आदि शामिल हैं। बच्चों को परोसा जा रहा खाना बेस्वाद और घटिया क्वालिटी का है, जिसे वे खाने के बजाय कुत्तों को डाल रहे हैं। इस मामले में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच करवाकर यदि कहीं कोई अनियमितता पाई जाती है तो कार्रवाई की जाएगी। वहीं, आए दिन मध्यान्ह भोजन में लापरवाही की शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन प्रभावी जाँच न होने से बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है।

## कच्चे घर में रखे मिले अवैध सिलेंडर और दवाएं

**छतरपुर।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में पंजाब नेशनल बैंक के सामने एक निजी और कच्चे मकान में अवैध रूप से अवैध गैस सिलेंडर और दवाएं रखी पाई गई। मामले की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुँचे और अवैध रूप से रखे



सिलेंडरों सहित संबंधित दवाओं को जब्त किया गया। कार्रवाई करने पहुंची नायब तहसीलदार आस्था चौबे ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक के सामने स्थित एक निजी मकान में अवैध रूप से सिलेंडर रखे होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर संबंधित मकान में दबिश दी गई जहां मकान के अंदर कुल 18 गैस सिलेण्डर और पेटियों में रखी दवाएं मिली हैं, जिसे जब्त कर लिया गया है। नायब तहसीलदार ने बताया कि संबंधित दवाओं की वैधता और संग्रह के उद्देश्य का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## एनसीएल अंतरक्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 निगाही परियोजना में हुई सम्पन्न



बुधवार को एनसीएल की निगाही परियोजना में अंतरक्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 सम्पन्न हुई। 2 से 3 दिसम्बर, 2025 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से कुल 564 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अंतरक्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 के दौरान पुरुष एवं महिला वर्ग में विभिन्न श्रेणियों जैसे 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मीटर, 10,000 मीटर दौड़, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जेवलीन थ्रो, हैमर थ्रो, हाइ जंप, लॉन्ग जंप, ट्रिपल जंप, रिले रेस, तीरंदाजी, पिचर रेस, साईकिल रेस एवं पोल वौल्ट में मैच खेले गए। समापन समारोह के दौरान महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) राजेश त्रिवेदी बतौर मुख्य अतिथि एवं श्रमिक संघ से जेसीसी सदस्य- सीएमएस से अजय कुमार यादव, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से अशोक कुमार मिश्रा, एचएमएस से अशोक कुमार पांडे, सीएमओएआई प्रतिनिधि सर्वेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में एवं महाप्रबन्धक (विद्युत एवं यान्त्रिकी), निगाही रणधीर सिंह, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेम्बर्स, परियोजना जेसीसी सदस्य, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**अमलोरी टीम रही विजेता**

इस प्रतिस्पर्धा के दौरान ओवरऑल चैंपियनशिप में अमलोरी टीम विजेता एवं सीडबल्यूएस और जयंत की टीम उपविजेता रहे। इंडिविजुअल चैंपियनशिप में पुरुष वर्ग में यश वर्मा (ब्लॉक-बी) विजेता, दुलाराम (सीडबल्यूएस) उपविजेता तथा महिला वर्ग में इन्दु बाला (मुख्यालय) विजेता तथा तृप्ति पुरी (अमलोरी) ने उपविजेता खिताब अपने नाम किया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष अपने कर्मियों का मनोबल बढ़ाने एवं उनके शारीरिक और मानसिक विकास हेतु ऐसी अनेक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है।

## नपाध्यक्ष ने किया शहर में निर्माण कार्यों का निरीक्षण, नागरिकों की समस्याएं सुनीं



**छतरपुर।** नगर पालिका छतरपुर द्वारा शहर के विकास, सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न निर्माण एवं सुधार कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। इन्हीं कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेने के लिए गुरूवार को नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया ने शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया।अध्यक्ष चौरसिया ने निरीक्षण के दौरान सड़कों, नालियों, पेयजल पाइपलाइन, स्ट्रीट लाइट एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण की। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष ने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। नागरिकों ने स्वच्छता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की, जिन पर अध्यक्ष चौरसिया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्षद धीरज गुप्ता, इंजीनियर गोकुल प्रजापति और महेन्द्र पटेल, संबंधित ठेकेदार एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

## खजुराहो बचाओ अभियान के तहत एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**खजुराहो।** खजुराहो बचाओ अभियान के तहत आज एसडीएम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया यह ज्ञापन गणेश गौतम एवं हरीश लावानिया के निर्देशन एवं मतँगेश्वर सेवा समिति, दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर एवं खजुराहो डेवलोपमेन्ट एसोसिएशन के पंडित सुधीर शर्मा के संयोजन में सौंपा गया,। इस ज्ञापन में खजुराहो में प्रस्तावित एयरवेज परियोजना से स्थानीय पर्यावरण, संस्कृति एवं जनजीवन को संभावित हानि होने की आशंका व्यक्त की गई है। अतः इस परियोजना को किसी वैकल्पिक स्थान पर स्थापित करने का आग्रह किया गया, ताकि खजुराहो की ऐतिहासिक धरोहर एवं प्राकृतिक सौंदर्य सुरक्षित रह सके।तत्पश्चात एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक मे होटल एसोसिएशन, गाइड एसोसिएशन, ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन, विश्व हिन्दू परिषद, राजनगर अधिवक्ता संघ, तथा पर्यटक



सहायकों सहित पर्यटन से जुड़े सभी प्रतिनिधियों ने एक स्वर में यह मत प्रकट किया कि खजुराहो डांस फेस्टिवल का नाम किसी भी परिस्थिति में परिवर्तित नहीं किया जाना चाहिए। सभी का स्पष्ट मानना था कि यह विश्वप्रसिद्ध नृत्य समारोह केवल एक आयोजन ही नहीं, बल्कि खजुराहो की पहचान, प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। इस उत्सव ने खजुराहो को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट स्थान दिलाया है; इसलिए इसके नाम में बदलाव, क्षेत्र की ऐतिहासिक गरिमा एवं सांस्कृतिक धरोहर को आघात पहुँचाने जैसा होगा। उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने इस संभावित परिवर्तन पर गहरी आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि वे इस निर्णय का प्रखर विरोध करते हैं। उनका मत था कि खजुराहो के पर्यटन विकास, स्थानीय आजीविका तथा वैश्विक पहचान के संरक्षण हेतु इस उत्सव का नाम यथावत रखा जाना अति आवश्यक है। सभी प्रतिनिधियों ने अपनी आपत्तियों और सामूहिक विरोध से खजुराहो सांसद तथा खजुराहो विधायक को विधिवत अवगत कराया, और उनसे अपेक्षा जताई कि वे क्षेत्र की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस विषय में उचित हस्तक्षेप करें, ताकि खजुराहो डांस फेस्टिवल का ऐतिहासिक नाम और पहचान सुरक्षित रह सके।

## कलेक्टर प्रतिभा पाल ने करहिया मण्डी में जैविक हाट बाजार का उद्घाटन

# प्राकृतिक और जैविक फसलों के प्रमाणीकरण तथा भण्डारण की व्यवस्था करें

# कलेक्टर ने जैविक हाट बाजार का किया उद्घाटन

रीवा

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने करहिया मण्डी में जैविक हाट बाजार का उद्घाटन किया। प्राकृतिक खेती तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत जैविक हाट बाजार शुरू किया गया है। इसमें शुरूआती दौर में बिना खाद उगाए गए फल, सब्जी, अनाज और मशरूम की बिक्री की जा रही है। हाट बाजार के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कृषि विभाग तथा कृषि उपज मण्डी करहिया द्वारा की गई है। इसका संचालन विन्ध्या फार्मर प्रोड्यूशन कंपनी तथा किसान रामबली कुशवाहा द्वारा किया जा रहा है।





जैविक हाट बाजार का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर ने कहा कि हर व्यक्ति बिना रासायनिक खाद के पैदा किए गए खाद्यान्न, फल और सब्जी का उपयोग करना चाहता है। जिले में कई किसान जैविक और प्राकृतिक खेती के माध्यम से सब्जियों, फलों तथा कोदो-कुटकी जैसे अनाजों की खेती कर रहे हैं। हाट बाजार के माध्यम से इन किसानों को अपने जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए उचित स्थान मिलेगा। उप संचालक कृषि जैविक खेती की खेती करने वाले किसानों के पंजीयन तथा जैविक फसलों के प्रमाणीकरण के लिए तत्काल प्रयास करें। करहिया मण्डी में जैविक उत्पादों के विपणन और भण्डारण की समुचित व्यवस्था करें। हाट बाजार का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं जिससे किसान जैविक और प्राकृतिक उत्पाद बेचने के लिए तथा आमजनता इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए आ सके। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य के आसपास 50 से अधिक किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। इन्हें भी जैविक हाट बाजार से जोड़ें। जैविक हाट बाजार में उद्घाटन के समय प्राकृतिक खेती से पैदा किए गए चुकंदर, पालक, गोभी, मशरूम तथा सूरन बिक्री के लिए रखे गए। अनाजों में कोदो और कुटकी विपणन के लिए उपलब्ध हैं। उद्घाटन के बाद कलेक्टर ने किसानों तथा व्यापारियों से जैविक हाट बाजार के संबंध में चर्चा की। व्यापारी रामबली कुशवाहा ने कहा कि बड़ी संख्या में किसान जैविक सब्जी का उत्पादन कर रहे हैं। उनसे सब्जी खरीदकर करहिया मण्डी में हाट बाजार में बिक्री की जाएगी। सिंघाड़ा, खनीमा और मशरूम भी किसान बिक्री के लिए ला रहे हैं। मौके पर उपस्थित उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने जैविक हाट बाजार के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, जिला प्रबंधक विपणन संघ शिखा सिंह वर्मा, उप संचालक मण्डी, कृषि तथा उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, किसान तथा व्यापारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विशेष पिछड़ी जातियों को अब मिलेगा हर माह 1500 रुपए अनुदान

**रीवा** । शासन द्वारा प्रदेश के 55 जिलों में निवास करने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया को हर माह 1500 रुपए आहार अनुदान दिया जाएगा। परिवार के प्रत्येक सदस्य को हर माह 1500 रुपए दिए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने क्षेत्र की विशेष पिछड़ी जनजाति में शामिल परिवारों की सूची जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग को 5 दिवस की समय सीमा में प्रस्तुत करें। यह सूची जनजातीय कार्य विभाग के मेल आईडी डीओटीडब्ल्यू डॉट आरडब्ल्यूए एट द रेट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन पर भी भेजी जा सकती है। तय समय सीमा में सूची उपलब्ध कराएं।

### किसानों के दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**दमोह**। कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम (आत्मा योजना) अन्तर्गत जिले के प्रगतिशील कृषकों को राज्य के बाहर कृषक प्रशिक्षण के लिये चयन किया गया हैं। सह अध्यक्ष आत्मा गवर्निंग बोर्ड कलेक्टर सुधीर कोचर ने हरी झण्डी दिखाकर कृषकों का दल दमोह जिले से रवाना किया। इस सबंध में परियोजना संचालक आत्मा जे.एल. प्रजापति ने कहा राज्य के बाहर कृषक प्रशिक्षण में कृषकों के दल को दमोह से को भारतीय चारागाह अनुसंधान केन्द्र झाँसी को भारतीय दलहन अनुसंधान केन्द्र कानपुर ले जाया जायेगा। जहाँ कृषकों को कृषि की उन्नत तकनीकों से अवगत कराया जायेगा एवं प्रशिक्षित किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, राज्य मंत्री (स्वत्रंत प्रभार) पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निज सहायक मनोज खरे, सांसद दमोह के निज सहायक हुकुम सिंह, विधायक दमोह निज सहायक कमल सिंघई, श्रीराम पटेल विशेष रूप से मौजूद रहे।

### करंट लगने से मजदूर की हुई मौत

**जबेरा**। जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम चंडी चोपडा के पास ग्राम महुआ खेड़ा में नहर जलाशय का काम करते हुए मजदूर बहादुर सिंह निवासी चंडी चोपड़ा को काम करते हुए अचानक करंट लग जाने से हाहाकार मच गया। मजदूर को तत्काल ही इलाज के लिए अधिकारियों के द्वारा जिला चिकित्सालय दमोह भेजा गया। जहां पर डॉक्टर चक्रीय चौधरी की द्वारा चेक करने की उपरांत बहादुर सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मयूर चंडी चोपड़ा निवासी बताया जा रहा है।

### बंदी पुत्र से जेल मैनुअल के अनुसार भौतिक मुलाकात कराई

**दमोह**। नंदराम सोनवानी जो कि दृष्टिवाधित दिव्यांग हैं, वह अपने बंदी पुत्र से मिलने आए थे, मुलाकात खिड़की बंद होने एवं रजिस्ट्रेशन खिड़की बंद होने से निराश होकर वह मुलाकात इंतजार शेड में बैठ गए तभी सब जेल हटा के जेलर नागेन्द्र चौधरी को खबर लगी तो उन्होंने जेल गेट से बाहर आकर स्टाफ की सहायता से श्री सोनवानी का हाथ पड़कर अंदर अपने ऑफिस ले गये और जेल मैनुअल के अनुसार उनकी बंदी पुत्र से भौतिक मुलाकात कराई। पिता और पुत्र दोनों के मिलन से उनकी आंखें नम हो गई और श्री सोनवानी कहने लगे कि सर आज दिव्यांग दिवस भी है, शासन हमारे प्रति इसी तरह संवेदनाएं बनाए रखें, उन्होंने जेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

### केसरवानी महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री का हुआ दमोह आगमन

**दमोह**। केसरवानी अखिल भारतीय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री का दमोह आगमन हुआ था केसरवानी राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती सुनीता गुप्ता के निवास पर एक बैठक रखी गई। जिसमें केसरवानी परिवार दमोह से नगर अध्यक्ष लखन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, सचिव दीपक गुप्ता, आशीष गुप्ता, सचिन गिरधारी, प्रदीप, राजेन्द्र गुप्ता, के अलावा नगर महिला अध्यक्ष मनीषा गुप्ता, लता केसरवानी, अन्नू गुप्ता, ज्योति, माया, प्रियंका, बरखा, आरती गुप्ता, के अलावा समाज के अन्य भाई बहिनों की कार्यक्रम में उपस्थिति रही। वहीं संजय केसरवानी सिलीगुड़ी राष्ट्रीय महामंत्री का सम्मान एवं स्वागत बड़े जोर सोर से किया गया।

# एसपीएस तिवारी दूसरी बार वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

रीवा।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर सेवा निवृत्त मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) डॉ. एस. पी. एस. तिवारी को दूसरी बार वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी पुनर्नियुक्ति पर प्रदेशभर के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है। ज्ञात हो कि अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान डॉ. तिवारी ने व्यापक रूप से प्रदेश के वनांचल क्षेत्रों का दौरा किया था।



इस दौरान उन्होंने आदिवासी एवं वनवासी समुदायों को उनके विधिक अधिकार दिलाने, लघु वनोपज का उचित न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित कराने तथा वनाधिकार संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए थे। उनके कार्यों की व्यापक सराहना पार्टी संगठन के विभिन्न स्तरों पर हुई थी। डॉ. तिवारी को दूसरी बार दायित्व सौंपे जाने पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, पूर्व राज्यसभा सदस्य राजमणि पटेल, सेमरिया विधायक अभय मिश्रा, रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव विद्यावती पटेल, कविता पाण्डेय, विमलेन्द्र तिवारी, गुरमीत सिंह मंगू, प्रदेश सचिव शीला त्यागी, राजेन्द्र मिश्रा, सुखेन्द्र सिंह बन्ना, रामगरीब बनवासी, उदय प्रकाश मिश्रा, गिरीश सिंह, ग्रामीण संगठन मंत्री रवि तिवारी, शहर संगठन मंत्री सज्जन पटेल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, अजय सिंह राहुल, तथा कमलेश्वर पटेल का आभार व्यक्त किया है। कांग्रेस नेताओं ने उम्मीद जताई है कि डॉ. तिवारी के नेतृत्व में वन एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रदेश में वनाधिकार, पर्यावरण संरक्षण और वनोपज से जुड़े मुद्दों पर और अधिक मजबूती से कार्य करेगा।

# यूपी की धान रोकने सरहद पर बढ़ाई चौकसी, डभौरा से बड़ोखर बॉर्डर तक रहेगा पहरा

## उड़नदस्ता दल रखेगा नजर, उत्तरप्रदेश से आने वाली अवैध धान परिवहन पर कसेगा शिकंजा

रीवा

जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन में उत्तरप्रदेश की धान रोकने सरहद पर चौकसी बढ़ गई है। तराई में डभौरा से लेकर सोनौरी बड़ोखर मार्ग तक नाके लगाए गए है। प्रशासन धान और गेहूं उपार्जन के दौरान प्रतिवर्ष यूपी से सटे इलाके पर नाकेबंदी करता रहा है, ये बात और है कि प्रशासनिक पहरेदारी के बाद भी यूपी के बार्डर के गांवों की उपज आने का सिलसिला नहीं थमा है। इस बार भी कृषि विभाग, कृषि उपज मडी के निरीक्षकों के साथ ही राजस्व के कर्मचारी तैनात किए गए हैं। इस बीच कलेक्टर ने निगरानी में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। बताया गया है कि उपार्जन में अनियमितताएं और गड़बड़ी रोकने की मंशा से इस मर्तबा फिर सूपों की सीमाओं की धान के प्रवेश के रास्ते अवरुद्ध किए गए हैं। हालांकि अभी धान उपार्जन प्रक्रिया शुरू ही हुई है, लेकिन खरीदी में हेराफेरी करने वाले गिरोह सक्रिय हो गए हैं। इनके मंसूबों को नाकाम करने प्रवेश मार्ग पर पहरेदारी की जा रही है। इसमें मंडी निरीक्षक की सबसे बड़ी जबावदेही रहेगी। बताया गया है कि प्रशासन खाद्य विभाग के निर्देश पर डभौरा, जया, त्योंथर तहसील में यूपी आने जाने वाले मार्गों पर नाके लगाए गए है। इसके अलावा सेमरिया में सतना जिले की मझगवां को जोड़ने वाली सड़क



पर में भी नाकेबंदी कर दी गई है। बताया गया है कि डभौरा-बरगड़ मार्ग, रिमारी देवी मंदिर के पास विरपुर, जवा पटेहरा मार्ग में गढ़ी के पास, चंदपुर शंकरगढ़ मार्ग, प्रयागराज मार्ग में चाकघाट बार्डर, सोनौरी बड़ोखर मार्ग और बरहोंपार में कोरांव और मांगी-खीरी सड़क पर नाके लगाए गए हैं।दो जिलों की सीमाओं पर लगाए गए बैरियरइधर मऊगंज जिला प्रशासन ने भी यूपी की धान की आवक रोकने के लिए मिर्जापुर बनरस हाइवे में हनुमना बार्डर पर बैरियर स्थापित किया गया है। जिले में प्रवेश अन्य मार्गों में चेकपोस्ट बनाए गए है और यहां से गुजरने वाले सभी ट्रैक्टर, ट्रकों और पिकप वाहनों की तलाशी लेने के बाद ही आगे जाने दिया जा रहा है। इसके अलावा सीधी को जोड़ने वाली सड़क पर भी निगरानी की जा रही है।छोटे मार्गों पर भी बढ़ेगी नजररीवा एवं मऊगंज जिले के जहां सीमाई क्षेत्रों में बैरियर लगेगे तो वहीं छोटे मार्गों पर भी कड़ी चौकसी बरती जायेगी। बता दे कि सेमरिया, डभौरा, एवं जवा के साथ त्योंथर क्षेत्र एवं मऊगंज जिले के कई सीमाई क्षेत्रों से छोटे मार्गों से होते हुए धान रीवा के खरीदी केन्द्रों में लाई जाती है। जिसको रोकने के लिए बनाए गए परिवहन दस्ते न सिर्फ नजर रखेंगे बल्कि मस्त भी करेंगे। खात बात यह है कि दोनों जिलों के कलेक्टरों ने समन्वय बनाकर अधिकारियों को काम करने के निर्देश भी दिए है।

# मऊगंज मे संयुक्त आयुक्त ने किया खरीदी केन्द्र का निरीक्षण



मऊगंज

मऊगंज कमिश्नर कार्यालय के संयुक्त आयुक्त विकास सुदेश मालवीय ने मऊगंज जिले में धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। संयुक्त आयुक्त ने विकासखण्ड हनुमना के खरीदी केन्द्र हर्दी का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के समय समिति प्रबंधक तथा खरीदी प्रभारी उपस्थित रहे। खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए छाया, पानी और अलाव की व्यवस्था की गई है। खरीदी केन्द्र में पर्याप्त संख्या में बारदाने उपलब्ध हैं। खरीदी केन्द्र प्रभारी को अब तक उपार्जित धान का तत्काल उठाव कराकर गोदाम में सुरक्षित भण्डारण कराने के निर्देश दिए गए। गोदामों में धान पहुंचने के बाद ही किसान को धान की राशि मंजूर होगी। खरीदी केन्द्र में धान का उपार्जन व्यवस्थित रूप से किया जा रहा है।



# कलेक्टर ने करहिया मण्डी में खाद वितरण का लिया जायजा

**रीवा** । कलेक्टर प्रतिभा पाल ने करहिया मण्डी के निरीक्षण के दौरान खाद वितरण केन्द्र का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित किसानों से खाद वितरण की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में खाद की रैक लगातार प्राप्त हो रही हैं। खाद की कोई कमी नहीं है। किसानों को व्यवस्थित रूप से खाद का वितरण कराएं। प्रत्येक किसान को टोकन देकर ही खाद दें। करहिया मण्डी के स्थान पर टोकन वितरण ग्राम पंचायत भवन करहिया से कराएं। मौके पर उपस्थित किसान तेजभान सिंह ने बताया कि उन्हें टोकन मिलने के बाद खाद मिलने में कोई परेशानी नहीं हुई है। किसान प्रवेश सिंह परिहार ने बताया कि उनका निवास स्थान सतना जिले के गाजन गांव में है, लेकिन जमीन ग्राम रंगौली में है। आधार कार्ड दूसरे जिले का होने के कारण खाद नहीं दी जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि किसान की जमीन रीवा जिले में है तो उसे तत्काल टोकन देकर खाद उपलब्ध कराएं। जिन किसानों की जमीनें रीवा जिले में हैं उन्हें जिले के ही वितरण केन्द्रों से खाद दें। कलेक्टर ने एसडीएम तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को खाद वितरण का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, जिला प्रबंधक विपणन संघ शिखा सिंह वर्मा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो बाइक में आमने सामने से हुई टक्कर

## 1 की मौत, 2 घायलः चाकघाट पुल के पास हादसा

**रीवा**। जिले के चाकघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत चाकघाट स्थित पुल में बीते दिन दो बाइकों के बीच आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो घायल हुए है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक एक बाइक में दो लोग सवार थे, साथ ही दूसरे में बाइक सवार तीन लोग थे। बताया गया की गांव से बाइक सवार तीन युवक चाकघाट जा रहे थे तभी पुल के ऊपर तेज रफ्तार बाइक सवार ने दूसरे वाहन को ओवरटेक करते हुए सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। अचानक हुए हादसे में एक बाइक में सवार तीनों लोग घायल हो गए, जिनमें गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे मृतक की पहचान सोहागी थाना के रायपुर सोनौरी खाम्हा निवासी मनपूरन मिश्रा के रूप में हुई है। मृतक अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक में सवार होकर गांव से चाकघाट जा रहे थे। फिलहाल उपचार के दौरान हुई मौत के बाद पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई कर शव का पीएम कराया जा रहा है, वहीं घटना में घायलों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच कर रही है।सड़क हादसे में मृत युवक की हुई शिनाख्तमनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत आंबी पुल के पास साइकल सवार एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। घटना मंगलवार को सामने आई थी। पुलिस ने शव को संजय गांधी अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया था। मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी, जिसके बाद उसकी शिनाख्त




हो गई। बुधवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौपा गया है। घटना के बाद मनगवां पुलिस मर्ग कायम कर दुर्घटनाकारित करने वाले वाहन सहित चालक की तलाश करने में लगी हुई है। मृतक की पहचान 40 वर्षीय सीताराम शुक्ला के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि सीताराम सोमवार की शाम घर में यह कहकर निकले थे कि वह एक घंटे से लौटकर आ जाएंगे, लेकिन वह पूरी रात वापस घर नहीं लौटे। जिसके बाद परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। मंगलवार की रात परिजनों को जानकारी मिली की साइकल सवार सीताराम की सड़क हादसे में मौत हो गई है, जिसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचकर मृतक की पहचान किए। मनगवां पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# दुग्ध उत्पादन से जुड़ी योजनाओं से 29 प्रकरण मंजूर

रीवा ।

शासन द्वारा दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रयास किए जा रहे हैं। पशुपालन विभाग की दुग्ध उत्पादन से जुड़ी तीन योजनाओं के माध्यम से 29 प्रकरण विभिन्न बैंकों द्वारा मंजूर किए गए हैं। इस संबंध में उप संचालक पशुपालन डॉ डीपी सिंह ने बताया कि आचार्य विद्यासागर डेयरी योजना से 89 प्रकरण बैंकों को भेजे गए हैं। इनमें से 9 प्रकरणों में 11 लाख 33 हजार रुपए का ऋण मंजूर किया गया है। बैंक ऋण एवं अनुदान पर बकरी ईकाई प्रदाय योजना के तहत विभिन्न बैंकों में 87 प्रकरण भेजे गए हैं। इस योजना से 18 प्रकरणों में 6 लाख 35 हजार रुपए का ऋण एवं अनुदान मंजूर किया गया है। राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना से बड़ी डेयरी इकाईयों के निर्माण के लिए ऋण और अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना से बैंकों में 16 प्रकरण भेजे गए हैं। बैंकों द्वारा दो प्रकरणों में एक करोड़ 35 लाख 60 हजार रुपए का ऋण मंजूर किया गया है।

# जिले में गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन शत-प्रतिशत पूरा

रीवा

रीवा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरा हो गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में गणना पत्रक डिजिटाइजेशन की समय सीमा 11 दिसम्बर तक बढ़ा दी गई है। जिले में 4 दिसम्बर को शाम 4 बजे तक 1390667 मतदाताओं के गणना पत्रक डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 1390667 है। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र सिरमौर, सेमरिया, गुढ़, त्योंथर तथा मनगवां में शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। रीवा विधानसभा क्षेत्र में केवल 25 मैप्ड मतदाता शेष हैं। रीवा विधानसभा क्षेत्र का डिजिटाइजेशन भी लगभग पूरा हो गया है। कलेक्टर ने गणना पत्रक डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा होने पर सभी एसडीएम, तहसीलदार, बीएलओ, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सेक्टर आफीसर के रूप में तैनात अधिकारियों, नगरीय निकाय की टीम तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण में सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# पीएम आवास के टैंक से जोड़ दी दुकानों की सीवरेज लाइन

## उपायुक्त ने दिये संबंधित इंजनियरों को जांच कर रिपोर्ट देने दिये निर्देश



रीवा।

**शहर में एसएएसफ मैदान में निर्मित पीएम आवास के पीछे निर्माणाधीन दुकानों बनाये गये शौचालयों के लिए सेप्टिक टैंक का निर्माण नहीं किया गया है।**

इन दुकानों की सीवर लाइन को पीएम आवास के लिए बनाये गये सेप्टिक टैंक से जोड़ दिया गया है। ठेकेदार की इस मनमानी की शिकायत उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी से किये जाने पर उन्होंने तत्काल संबंधित इंजीनियरों को मौके पर निरीक्षण किया जाकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये हैं। बताया गया है कि एसएएसफ मैदान में पीएम आवास के पीछे तीन मंजिला दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें ऊपरी मंजिल पर कार्यालय खोलने ऑफिस यूनिट का निर्माण किया गया है। इस दुकान भवन में बनाये गये शौचालयों के लिए नियमानुसार सेप्टिक टैंक का निर्माण किया जाना चाहिए था लेकिन संविदाकार द्वारा सेप्टिक टैंक का निर्माण नहीं किया जाकर दुकानों की सीवर लाइन पीएम आवास के लिए पूर्व में बनाये गये सेप्टिक टैंक से जोड़ दी गई है। संविदाकार के इस कृत्य से पीएम आवास में रहने वालों को परेशानियां हो रही है। खासकर उन लोगों को जिनके आवासों के नीचे सीवर लाइन जोड़ी गई है। उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी के संज्ञान में यह मामला सामने आते ही उन्होंने जांच के निर्देश दिये हैं।